Reg. No. : ....

Name : ....

M 26954

IV Semester M.A./M.Sc./M.Com. Degree (Reg./Sup./Imp.) Examination, March 2015

HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

Paper – XIII : Modern Hindi Poetry

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. a) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(2×12=24)**

1) कुकुरमुत्ता कविता का मूल स्वर क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

2) कामायनी का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

3) विरहिणी ऊर्मिला पाठक को करुणासिक्त बना देती है - अपना मत व्यक्त कीजिए ।

4) ब्रह्मराक्षस की ट्रेजिडी आज के बुद्धिजीवी की ट्रेजिडी है - समर्थन कीजिए ।

b) किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×12=12)**

5) कुरूक्षेत्र : एक शंकाकुल हृदय की अंतर्यात्रा है । स्पष्ट कीजिए ।

6) पन्त की काव्य यात्रा का परिचय दीजिए ।

II. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(4×7=28)**

1) दूर दूर तक विस्तृत था हिम
स्तब्ध उसी के हृदय समान
नीरवता-सी शिला चरण से
टकराता फिरता पवमान ।

अथवा

P.T.O.

2) नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास रजत-नग पगतल में
पीयूष स्रोत-सी बहा करो
जीवन के सुन्दर समतल में ।

3) धिक् जीवन को जो पाता ही आया विरोध,
धिक् साधन, जिसके लिए सदा ही किया शोध !

अथवा

4) जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर
तुझे बुलाता कृषक अधीर,
ऐ विप्लव के वीर !
चूस लिया है उसका सार,
हाड मात्र ही है आधार,
ऐ जीवन के पारावार !

5) यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है
और मैं एकान्त होता हूँ
समर्पित
सब जादू है -
मगर क्या यह समर्पण कुछ नहीं है ?

अथवा

6) यह अंकुर : फोड धरा को,
रवि को ताकता निर्भय;
यह प्रकृत, स्वयंभू, ब्रह्म, अयुत:
इसको भी शक्ति दे दो ।

7) आठ पहर चौंसठ घडी स्वामी का ही ध्यान,
छूट गया पीछे स्वयं उससे आत्मज्ञान ।

अथवा

8) प्रिय ने सहज गुणों से, दीक्षा दी थी मुझे प्रणय, जो तेरी,
आज प्रतीक्षा-द्वारा, लेते है वे यहाँ परीक्षा मेरी ?

III. किन्हीं **चार** पर टिप्पणी लिखिए । **(4×4=16)**

1) तोडती पत्थर में अभिव्यक्त प्रगतिवादी चेतना ।
2) उड-चल हारिल का मुख्य संदेश ।
3) कामायनी में अभिव्यक्त समरसता ।
4) साकेत का नामकरण का आधार ।
5) कुरूक्षेत्र का कथ्य ।
6) मुक्तिबोध के काव्य में समाज बोध ।